हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

11 संस्कारम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पेनम...


12 पोस्टर, स्लोगन से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया


## खबर संक्षेप


झज्जर। सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

**झज्जर।** मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। सीएम नायब सिंह सैनी के संत कबीर निवास पहुंचे विकास वाल्मीकि ने झज्जर जिले के विकास पर चर्चा की। उन्होंने जिले के विकास को नए आयाम देने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी को विभिन्न विषयों से अवगत करवाया वहीं जिले में भाजपा के मजबूत संगठन पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी ने झज्जर के विकास में कोई कसर न छोड़ने का आश्वासन दिया।

### युवक ने छिड़का ज्वलनशील पदार्थ

**बहादुरगढ़।** लघु सचिवालय की पार्किंग में एक युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क लिया। इससे पहले कि वह आगे कुछ कदम उठाता, पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की है। पार्किंग से शोर सुनाई दिया तो पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को काबू किया। शिकायत में डीसीपी बहादुरगढ़ के रीडर ललित कुमार ने कहा है कि पार्किंग में एक युवक अपने शरीर पर तरल पदार्थ छिड़क रहा था और ये कह रहा था कि या तो मेरी बात मानों, नहीं तो मैं अपने आपको आग लगा लूंगा। साथ ही वीडियो भी बना रहा था। वह युवक पहले भी परिसर में आत्मदाह की कोशिश कर चुका है। हमने उसे होमगार्ड की मदद से काबू किया और बोतल छीन ली। बोतल से पेट्रोल जैसी गंध महसूस हुई। इसके बाद उसे सदर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान दीपक के रूप में हुई है।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे पर स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए पेंटिंग और चित्रों के माध्यम से प्रकृति के रूप में पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने लोगों को प्रदूषण से होने वाले नुकसान बारे अवगत कराया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों को पौधारोपण, पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया। पृथ्वी प्रकृति का स्रोत और यह सभी चीजों को जीवन देता है। इसलिए जरूरी है कि हम पृथ्वी की संभाल के लिए अपना योगदान दें।

## बहादुरगढ़ के आदित्य ने 9वां और अभिलाष ने हासिल किया 129वां रैंक

- यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने पर परिजनों में खुशी का लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। आदित्य विक्रम अग्रवाल को मिठाई खिलाते परिजन। फोटो : हरिभूमि

यूपीएससी की परीक्षा में इस बार भी बहादुरगढ़ के बेटों ने कमाल कर दिया है। सेक्टर-2 में रहने वाले आदित्य विक्रम अग्रवाल ने 9वां रैंक हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। वहीं बराही रोड निवासी अभिलाष सुंदरम ने 129वीं रैंक हासिल की। अभिलाष ने पिछली बार 421वीं रैंक हासिल की थी।

यूपीएससी के टॉप-टैन में जगह हासिल करने वाले आदित्य विक्रम अग्रवाल का कहना है कि इस सफलता में उनके माता-पिता और बहन के साथ दोस्तों ने पूरा सहयोग दिया। वह आईएएस बनकर देशवासियों की सेवा करेगा। आदित्य शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर पर्यावरण बनाने के क्षेत्र में काम करना चाहता है। आदित्य विक्रम ने अपनी 12वीं तक की पढाई बहादुरगढ़ से ही की है।

एनआईटी ईलाहबाद से बीटैक करने के बाद आदित्य ने टाटा मोटर्स में एक साल नौकरी भी की। उसके बाद नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। आदित्य ने यह सफलता अपने पांचवें प्रयास में हासिल की है।

इस दौरान वह कई बार मायूस भी हुआ, लेकिन परिजनों और मित्रों ने हमेशा उसका हौसला बढ़ाया। जिस कारण उसने यह मुकाम हासिल किया है। आदित्य की मां मधु अग्रवाल ने बताया कि आज उनके बेटे का व्रत है, लेकिन कल वो उसकी पसंद का खाना बनाएगी और खूब खुशियां मनाएंगी। मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लेंगे। उसके पिता रामअवतार ने बताया कि उनके बेटे का प्रयास सफल होने पर उन्हें बेहद खुशी है। आदित्य के आईएएस बनने की खुशी में उसके दोस्तों ने भी जमकर खुशियां मनाई।

### अभिलाष ने पिछली बार 421वां रैंक हासिल किया था

*बहादुरगढ़ के अभिलाष सुंदरम ने भी यूपीएससी की परीक्षा में 129वां रैंक हासिल किया है। अभिलाष ने पिछली बार 421वां रैंक हासिल किया था। जिसके बाद उनका चयन इंडियन ट्रेड सर्विस में हुआ था। अभिलाष त्रिवेणी स्कूल के संचालक एस श्याम और संगीता वर्मा का बेटा है। अपने माता-पिता के सपने का साकार करते हुए अभिलाष ने इस बार 129वां रैंक हासिल कर आईपीएस बनने में सफलता हासिल कर ली है। अपने पांचवें प्रयास में अभिलाष ने यह सफलता पाई है। अभिलाष ने शुरुआती पढ़ाई त्रिवेणी स्कूल से ही की थी। अभिलाष की मां संगीता वर्मा, पिता एस श्याम, बहन वसुंधरा और अनुष्का ने उसकी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। अभिलाष ने कहा कि पूरे परिवार, दोस्तों और शिक्षकों ने उसे खूब सहयोग किया। रैंक सुधरने पर खुशी जाहिर करते हुए अभिलाष ने बताया कि उच्च पद प्राप्त करने पर समाज के कार्यों की तरफ भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अपने पिता के सपने को अपनी आंखों से देखना शुरू किया था और कड़ी मेहनत व लगातार प्रयासों से आज यह मुकाम हासिल किया।*




### नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## लंबित मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन




झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में धरना देते हुए रिटायर्ड कर्मचारी व धरना प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह यादव ने की।

जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्णय के अनुसार दिसंबर 2025 तक के जो कर्मचारी रिटायर्ड होंगे उन्हें आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

इसके अलावा उनकी अन्य लंबित मांगों में मेडिकल कैशलेस सुविधा, 15 माह का बकाया डीए तथा 65, 70, 75 की आयु क्रमशः 5, 10 व 20 प्रतिशत की मांग शामिल है। इसके बाद उन्होंने नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा।

### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रधान बलबीर सिंह यादव, मंगतराम कौशिक एडवोकेट, कृष्ण दुजाना, विक्रम सिंह, सूरजकौर, कृष्ण मलिक, सुमित्रा देवी, जयपाल गुढ़ा, विष्णु जांगड़ा, रामेश्वर बिरधाना, जगमाल यादव, मास्टर फूलकुमार, राम सिंह, ओमप्रकाश, सूरजवीर, मास्टर रमेश, मास्टर राजवीर सिंह राहड, कर्मवीर सिंह, राजेंद्र दलाल, जयप्रकाश गुप्ता, धर्मपाल अहलावत, धर्मबीर राहड, ओमप्रकाश पूनिया, वीरेंद्र दरोगा, मुकेश कुमार शर्मा, नरेश कुमार, तेजराम, मास्टर राजवीर, राजेंद्र जुलाना, बलवीर, जयकरण, जोगेंद्र सिंह, मास्टर चंदन सिंह यादव, जयपाल, जयवीर सोलंकी, सतपाल, अतर सिंह, रमेश कुमार, लक्ष्मीनारायण, निर्मल कुमार, हवा सिंह यादव, अमर सिंह, राजेंद्र सिंह, राजकुमार, राजेंद्र प्रसाद, वेद प्रकाश, जगत नारायण, मास्टर नरेंद्र, सतपाल, रमेश चंद्र, रोहतास सिंह, बलबीर भगत, शिव नारायण माथुर, चंद्र कुमार, हवा सिंह यादव, राजवीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों ने दिया धरना

**झज्जर।** यूनियन की लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा लघु सचिवालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सुनील ने की जबकि संचालन जिला सचिव संदीप कुमार मारौत द्वारा किया गया। संदीप कुमार ने कहा की एक तरफ सरकार स्वयं को सफाई कर्मचारियों का हितैषी बताती है जबकि दूसरी ओर उन्हें समय पर वेतन भी नहीं दिया जा रहा। वेतन न मिलने के कारण वे अपने बच्चों का स्कूल में एडमिशन भी नहीं करा पा रहे, ना ही अपने पशुओं के लिए चारा व अनाज खरीद पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम द्वारा घोषणा किए जाने के बाद भी उनके लिए न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू नहीं किया गया। जब तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता और उनका न्यूनतम वेतन लागू नहीं होता तब तक वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। बाद में उन्होंने नायब तहसीलदार कीर्ति को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।


झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में धरना देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए जिला सचिव संदीप मारौत।

## उप डाकघर के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा


बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लाइनपार निवासी। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के उप डाकघर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने से रोकने के लिए स्थानीय निवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि लाइनपार की आबादी को देखते हुए उप डाकघर को दूसरी जगह पर शिफ्ट नहीं किया जाएगा। भाकियू (अ) के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीन दलाल, ओमप्रकाश हुड्डा, सुरेश राठी, बीडी शर्मा, एडवोकेट राहुल, प्रदीप, हरनंदी, सीमा दलाल, कृष्णा, आशा, नीलम, सरोज, कमलेश, पूनम व प्रमिला आदि ने बताया कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उप डाकघर को शिफ्ट नही किया जाना चाहिए।

## खरखौदा-बहादुरगढ़ रूट पर रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

खरखौदा-बहादुरगढ़ मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या कम हैं। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। परेशानियों को देखते हुए खरखोदा-बहादुरगढ़ के गांवों की छात्राओं ने मंगलवार को एसडीएम नसीब कुमार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के जरिए रूट पर रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या बेहद कम है। कॉलेज, लाइब्रेरी आदि जाने वाली काफी छात्राएं इस रूट पर सफर करती हैं। लेकिन पर्याप्त बसें न चलने के कारण छात्राओं को तक्लीफ झेलनी पड़ती है। घंटों तक स्टैंड पर इंतजार करना पड़ता है। यदि बस आती भी है तो उसमें काफी भीड़भाड़ होती है।

पांव रखने की जगह नहीं होती। अत्याधिक भीड़भाड़ में सफर करना छात्राओं और महिलाओं के लिए सुरक्षा की दृष्टि से भी सही नहीं है। इसके अलावा हालात ये हैं कि लोग बसों की छत पर भी बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। इसमें जोखिमभरा रहता है। इन परेशानियों को देखते हुए रूट पर बस सेवा बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर शाम के वक्त बसों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि छात्राएं, यात्री सरलता से सुविधाजनक सफर कर सकें। ज्ञापन पर करीना, निधि व निशा आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।


बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**झज्जर।** मंगलवार दोपहर बाद साल्हावास क्षेत्र में रोडवेज बस ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटरसाईकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को साथियों द्वारा उपचार के लिए साल्हावास पीएचसी ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद झज्जर के नागरिक अस्पताल रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मंजीत निवासी अकेहड़ी मदनपुर के तौर पर की गई है। बताया जाता है कि मंजीत वैल्डिंग का कार्य करता था और साल्हावास आईटीआई का छात्र था। मंगलवार को वह आईटीआई में किसी कार्य को लेकर आया था। इसी दौरान जब वह अपने दोस्त के साथ वापिस लौट रहा था तो कोसली की ओर से आ रही रोडवेज बस ने उनकी मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण लगी गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई, जबकि उसके एक साथी को हल्की चोटें आई है। बुधवार सुबह पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।



## तार टूटने से कचरे में लगी आग, बिजली भी घंटों गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-9 बाईपास ड्रेन के नजदीक 11 केवी जीई फीडर का तार टूटने की वजह से रात के समय कचरे में आग लग गई। इस कारण परनाला पावर हाउस से संचालित अनेक फीडरों पर कई घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दरअसल, एमआईई के पार्ट-1 स्थित 132 केवी पावर हाउस से 33 केवी परनाला पावर हाउस की लाइन चलती है। रात करीब सवा दो बजे 11 केवी के जीई फीडर का अचानक से तार टूट गया। यह तार रोहतक रोड के साथ लगते ड्रेन पुल के पास टूट कर गिर गया। जिस कारण वहां पड़े कचरे में आग लग गई। कचरे में लगी आग ने बाद में लेटिस्ट टावर से गुजर रही 33 केवी परनाला पावर हाउस लाइन की केबल भी जल गई। इससे परनाला पावर हाउस से संचालित परनाला फीडर, जौहरी नगर फीडर, हरी नगर फीडर, बलजीत नगर फीडर, एसटीपी परनाला फीडर, एपी परनाला फीडर व इंडस्ट्रीज के दो फीडरों से सप्लाई प्रभावित हो गई। निगम अधिकारियों को सूचना मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। एसडीई राहुल वर्मा, जेई बिजेंद्र सिंह, जेई जगमोहन की देखरेख में मेंटेनेंस टीम ने जली हुई केबल को बदलने तथा टूटे हुए 11 केवी फीडर लाइन के तार को बदलने का काम शुरू किया। बिजली अधिकारियों ने जेसीबी से बिजली लाइन के नीचे से कचरे को भी हटवाया। मंगलवार दोपहर बाद तक निगम की मेंटीनेंस टीम इस कार्य में जुटी रही।

उधर, निगम अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे बिजली की लाइनों के नीचे व ट्रांसफार्मरों के आसपास कचरा ना डाले, क्योंकि आग लगने की घटनाएं होने से बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो जाती है।


बहादुरगढ़। दा नैन फाउंडेशन के पदाधिकारियों को निर्देश देते चेयरपर्सन सरोज राठी।

## बेसहारा गोवंशों को पकड़ने का काम शुरू

**बहादुरगढ़।** शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला व नंदीशाला छोड़ने का कार्य मंगलवार को शुरू हो गया। चेयरपर्सन सरोज राठी और अधिकारियों ने बेसहारा गोवंशों को पकड़ने का ठेका लेने वाले जींद की दा नैन फाउंडेशन के साथ बैठक की। बैठक में चेयरपर्सन सरोज राठी ने एजेंसी को कहा कि शहर में एक भी बेसहारा गोवंश नहीं रहना चाहिए। सभी बेसहारों गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में भिजवाएं। गोवंश पकड़ते समय टेंडर की सभी शर्तों का पूरी तरह से पालन किया जाए। बेसहारा गोवंश को पकड़कर गौशाला व नंदीशाला भिजवाने का प्रत्येक गोवंश 2394 रुपए का भुगतान नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। मांडोठी गौशाला में 500 बेसहारा गाय व बछड़ी भेजी जाएगी। साल्हावास की दानवीर बल्ला जाखड़ 36, खाप गोशाला समिति में 100 नंदी व दादा मथुरापुरी गौशाला मातनहेल में 20 नंदी भिजवाए जाएंगे। इसके अलावा अन्य गौशालाओ में पकड़े जाने वाले बेसहारा गोवंशों को भेजा जाएगा।

## मकान से नकदी व लाखों के आभूषण चोरी, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर की छिकारा कॉलोनी में चोरी की वारदात हो गई। यहां चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया और नकदी सहित लाखों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर गए। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के निवासी विकास का कहना है कि सुबह मेरे ससुर का फोन आया और उन्होंने बताया कि मकान का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद हम तुरंत छिकारा कॉलोनी में आए। देखा तो यहां मकान के ताले टूटे हुए थे। अंदर गए तो कमरों में सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर सोने की चेन, झुमकी, कानफूल, तीन नाक के सेट, कानों का सेट, कानों की बालियां, चार जोड़ी बिछुआ, एक लाख 20 हजार कैश, दो सोने की माला, पायल व दो अंगूठी सहित अन्य सामान गायब था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

## डीसी ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तुरंत एक्शन लेने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने मार्च महीने में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुत की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में पनपने ना दिया जाए और सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लेते हुए निर्माण ध्वस्त किया जाए। विभाग को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। डीटीपी मनीष दहिया ने बताया कि जनवरी और मार्च माह में अवैध कॉलोनी निर्माण के 9 मामलों में कार्रवाई की गई करते हुए उन्हें ध्वस्त किया गया। इनमें से 12 मामलों में अवैध निर्माण दोबारा शुरू करने की कोशिश की गई, जिसे फिर से ध्वस्त किया गया। इसके अलावा 5 मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है, ताकि संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।


झज्जर। बैठक को संबोधित करते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि



# ‘रेट्रो’ का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म ‘रेट्रो’ का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। ‘रेट्रो’ एक मई को रिलीज होने वाली है। ‘रेट्रो’ के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style



# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम ‘सैयारा’ है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, “फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है ‘नागजिला’। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# ‘डॉन-3’ में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री


**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ‘डॉन 3’ अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो ‘लाफ्टर शेफ’ में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, ‘शादी कब कर रही हैं?’ वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, ‘आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।’ इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।’



शो ‘लाफ्टर शेफ’में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह ‘नागिन’ सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। ‘एक हजारों में मेरी बहना है’ जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह ‘खतरों के खिलाड़ी’ जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, ‘वह मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!’ अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।



# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। ‘कल्पना’ बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।



### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# ‘आमा-बुबू’ की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** ‘न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स’ के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म ‘पायर’ में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। ‘पायर’ फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म ‘पायर’ को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर ‘28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल’ में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को ‘16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव’ में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## ‘ग्राउंड जीरो’ में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म ‘ग्राउंड जीरो’ का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। ‘ग्राउंड जीरो’से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की ‘द कश्मीर फाइल्स’ 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म ‘आर्टिकल 370’ जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर ‘मिशन कश्मीर’ उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म ‘शिकारा’ भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म ‘फितूर’ की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म ‘कश्मीर की कली’ में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

### पानी की चोरी पर जीरो टॉलरेंस होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

**झज्जर।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए बाढ़ प्रबंधन और पेयजल आपूर्ति को लेकर डीसी प्रदीप दहिया ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सिंचाई व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण व बरसाती पानी निकासी से जुड़ी सभी आवश्यक परियोजनाएं, जल निकासी व्यवस्था और नालों की सफाई का कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने नहरों, माइनर्स और पेयजल लाइनों से पानी चोरी के मामलों पर निर्देश दिए कि यदि कहीं से भी पानी चोरी की सूचना मिलती है तो तुरंत एक्शन लिया जाए और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज की जाए।



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें किसान

**बेरी।** मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ने कहा कि किसान फसल कटाई उपरांत फसल अवशेष जलाने की बजाय उपयोग में लाएं। फसल अवशेष जलाने से फसल पर्यावरण और जन स्वास्थ्य को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तरीय कमेटी के साथ उचित समन्वय बनाकर अपने-अपने गांव में तैनात रहकर लगातार निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि किसान अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों का उपयोग करें। इससे न केवल आगजनी की घटनाएं रुकेंगी बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहेगी और जैविक गुणवत्ता को नुकसान नहीं होगा।

### यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता पर दी शुभकामनाएं

**झज्जर।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2024 के मंगलवार को घोषित परिणाम में झज्जर जिले के दो होनहार युवाओं ने शानदार सफलता हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। बहादुरगढ़ निवासी आदित्य विक्रम अग्रवाल ने ऑल इंडिया 9वीं रैंक, जबकि अभिलाष सुंदरम, जो कि पहले भी 421वीं रैंक प्राप्त कर चुके हैं, ने इस बार 129वीं रैंक हासिल कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। डीसी प्रदीप दहिया ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री से सीधे जोड़ना

# संस्कारम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पेनम लैबोरेट्रीज का शैक्षणिक भ्रमण

- विशेषज्ञों द्वारा प्रयोगशाला में औषधीय गुणवत्ता परीक्षण, सैंपल प्रोसेसिंग और रसायनिक विश्लेषण की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को धारूहेड़ा स्थित पेनम लैबोरेट्रीज का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री से सीधे जोड़ते हुए उन्हें तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान प्रदान करना रहा। विद्यार्थियों ने इस दौरान लैबोरेट्री में प्रयोग होने वाले उन्नत उपकरणों और विश्लेषणात्मक तकनीकों की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा। विशेषज्ञों द्वारा प्रयोगशाला में औषधीय गुणवत्ता परीक्षण, सैंपल प्रोसेसिंग और रसायनिक विश्लेषण की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने न केवल आधुनिक उपकरणों के संचालन को देखा, बल्कि उद्योग में अनुसंधान और गुणवत्ता नियंत्रण की महत्ता को भी समझा। संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास की दिशा में प्रेरक सिद्ध हुआ है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर की दुनिया से जोड़ते हैं और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, अनुसंधान तथा नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं।



झज्जर। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान लैबोरेट्री में प्रयोग होने वाले उन्नत उपकरणों का अवलोकन करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। स्वास्थ्यकर्मियों की मीटिंग लेते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला।

### सीएमओ ने स्वास्थ्य संस्थानों पर आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग के दिए निर्देश

**झज्जर।** नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग हॉल में सीएमओ डॉक्टर जयमाला की अध्यक्षता में एक्टिव केस फाइंडिंग एवं निक्षय इंडीकेटर संबंधित मुख्य बिंदुओं पर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने कहा कि जिन स्वास्थ्य संस्थाओं में एक्टिव केस फाइंडिंग का कार्य सात अप्रैल से शुरू हो चुका है वे सभी स्वास्थ्य संस्थाएं मैपिंग एवं स्क्रीनिंग के साथ रिपोर्टिंग का कार्य भी पूरा करें। इसके साथ-साथ टीबी मरीजों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं पर आने वाली ओपीडी में 5 प्रतिशत लोगों की बलगम जांच तथा मरीजों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं बारे जागरुक करने के निर्देश दिए गए। मीटिंग में जहां उप सिवल सर्जन डॉक्टर मनोज सैनी ने एनसीडी स्क्रीनिंग एवं रिपोर्टिंग सम्बंधित कार्य समय पर करने की बात कही वहीं उप सिविल सर्जन टीबी डॉक्टर निधि मोमिया ने प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था पर टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# आईआईटी मेंस में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

- सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी आगामी 18 मई को आईआईटी एडवांस का एग्जाम देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को पेस ग्रुप में आईआईटी मेंस में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि इस साल उनके 30 विद्यार्थियों ने आईआईटी मेंस का एग्जाम दिया था, जिसमें से 18 विद्यार्थियों ने एडवांस के लिए क्वालिफाई किया। अब सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी आगामी 18 मई को आईआईटी एडवांस का एग्जाम देंगे। सम्मान समारोह के दौरान विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान 99.8 परसेंटाइल लेने वाली छात्रा कोमल, 98.6 परसेंटाइल लेने वाले हर्ष पुनिया, 97.4 परसेंटाइल लेने वाले हरित कादियान व उसके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। वहीं अंशुल कादियान को 97 परसेंटाइल के लिए, सिमरन को 96 परसेंटाइल के लिए, कपिल को 95 परसेंटाइल के लिए, हर्ष जांगड़ा को 98 परसेंटाइल लिए ,महक को 94 परसेंटाइल और पारुल को 93 परसेंटाइल हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, एकेडमिक डायरेक्टर जय भगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप, हरीश, सुमित चावला, सुरेंद्र सिंह नांदल, एडवोकेट रमेश पूनिया, राजीव कादियान, नीलम, आईआईटी एक्सपर्ट विशाल, राज गुप्ता, विकास, रविंदर, सुमित, आकाश आदि मौजूद रहे।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए संस्था पदाधिकारी।

## स्कूली छात्राओं ने निकाली रैली




बहादुरगढ़। रोहद गांव में रैली निकालती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** बाल विवाहों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रोहद गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एमडीडी आफ इंडिया, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली गई। रोहद के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा निकाली जागरूकता रैली गांव की विभिन्न गलियों से गुजरी तथा लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। छात्राओं ने नारे लगाते हुए लोगों को अक्षय तृतीया व अन्य दिनों में बाल विवाह के प्रति चौकस निगाह रखने को कहा। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है। विकास ने कहा कि बाल विवाह किशोरियों के अधिकारों का हनन है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्रकला ने कहा कि बाल विवाह की जानकारी मिलते ही तुरंत सूचना दें। शारदा ने कहा कि बाल विवाह नामक बुराई को खत्म करके ही हम एक स्वस्थ और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित पोस्टर मेकिंग के प्रतिभागी विद्यार्थी।

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को स्कूल व अपने आसपास के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। आज जिस तरह से पृथ्वी का दोहन हो रहा है उसे विश्व स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। स्कूल प्राचार्य विनोद कुमार ने कहा कि ये गतिविधियों न केवल सीखने को बढ़ावा देती हैं बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, पर्यावरण के प्रति जागरुक बनने के लिए भी प्रोत्साहित करती हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में तनीषा व योशिता ने प्रथम, इशिका ने द्वितीय व नियती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिडल विंग में सोनम ने प्रथम, भारती ने द्वितीय, पलक व जिष्णु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी विंग में कक्षा दूसरी से लाव्या ने प्रथम, विमान ने द्वितीय और सत्य प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पांचवीं से तनिष्का ने प्रथम, यश कुमार ने द्वितीय व कक्षा चौथी से केशव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# स्वयंसेविकाओं ने पौधों को सींचा

- धरती पर बिगड़ता पर्यावरण मानव जीवन के लिए खतरे का संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की यूथ रैडक्रॉस व रैड रिबन क्लब की स्वयंसेविकाओं ने मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। स्वयंसेविकाओं ने बोर्ड पर स्लोगन लिखकर व कॉलेज के पेड-पौधों में पानी देकर धरा को बचाने का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि धरती पर बिगड़ता पर्यावरण मानव जीवन के लिए खतरे का संकेत है। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित व स्वस्थ पर्यावरण देना हमारा उत्तरदायित्व है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं। रीसाइकलिंग व री-यूजिंग की प्रक्रिया को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने आज के प्रदूषित होते पर्यावरण के प्रति संवेदना दिखाते हुए आपस में विस्तार से चर्चा की। तमन्ना, मोनिका, गुंजन, हिना, मेघा व मानसी ने महाविद्यालय के पेड़ पौधों में पानी दिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर नारे लिखे। इसके समर्थन में कॉलेज की अन्य छात्राओं ने हस्ताक्षर कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का निर्णय भी लिया। कार्यक्रम में नैना फोगाट की अहम भूमिका रही।




बहादुरगढ़। कॉलेज में पौधे सींचती स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

## खरीद एजेंसियों को किसानों को समय पर भुगतान किए जाने के निर्देश दिए

# जिले की मंडियों में 30 हजार 785 एमटी सरसों व 1 लाख 30 हजार 43 एमटी गेहूं की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले की मंडियों में रबी सीजन के तहत सरसों व गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि अब तक जिले में कुल 33 हजार 381 मीट्रिक टन सरसों की आवक और 30 हजार 785 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 26 हजार 811 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सरसों की खरीद करते हुए 14 हजार 277 किसानों को लाभावित किया जा चुका है। वहीं गेहूं की जिले में 1 लाख 75 हजार 61 मीट्रिक टन आवक तथा 1 लाख 30 हजार 43 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जबकि 74 हजार 716 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। गेहूं की खरीद करते हुए 25 हजार 391 किसानों को लाभांवित किया गया है। खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ऊंची ढेरियां। फोटो :हरिभूमि

### मंडी में धीमी हुई फसल की आवक व खरीद

**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी में सरसों और गेहूं की आवक तथा खरीद धीमी हो गई है। मंगलवार को दोनों मंडियों में मात्र एक हजार 37 क्विंटल फसल आई, जिसमें से मात्र 130 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई। जबकि बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में मात्र 58.9 क्विंटल सरसों की खरीद हुई। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में मंगलवार को गेहूं की फसल के तीन गेट पास कटे और कुल 147 क्विंटल फसल आई। अब तक यहां 7312 क्विंटल फसल आ चुकी है। जिसमें से मंगलवार को 130 क्विंटल खरीद हुई। कुल मिलाकर अब तक 6649 क्विंटल खरीद हो चुकी है और 95 प्रतिशत उठान हुआ है। वहीं आसौदा की मंडी में 13 गेट पास कटे और 890 क्विंटल फसल आई। मंगलवार को सरकारी खरीद नहीं हुई लेकिन इस सीजन अब तक 76 हजार 137 क्विंटल खरीद हो चुकी है और उठान 67 फीसद हो चुकी है। उधर, बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सरसों की खरीद भी जारी है। मंगलवार को दस गेट पास कटे और मात्र 77 क्विंटल फसल आई। अब तक दस हजार क्विंटल सरसों की फसल आ चुकी है। जबकि 8799 क्विंटल खरीद हो चुकी है। जबकि उठान 87 प्रतिशत हो चुका है।

## न्यूज डायरी

### भापड़ोदा में 90 ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** भापड़ोदा में न्यू हॉप मिशन सोसाइटी द्वारा छारा सीएचसी के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 90 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। सीएचसी छारा से डॉ सुधीर, प्रेम, रीना, सुनीता और योग साहयिका स्वाति ने लोगों की जांच के बाद परामर्श दिया। निशुल्क दवाइयां वितरित की। रोगों से बचने के लिए योगासन भी बताए। कैंप में प्रबोध राठी, आशीष राठी और मोहित राठी आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। भापड़ोदा में स्वास्थ्य जांच करवाते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### सैनी परिवार ने की हनुमान की पूजा

**बहादुरगढ़।** मंगलवर को सेक्टर-6 स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में महामंडलेश्वर गणेशानंद महाराज द्वारा मंगलकारी भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लिया। भंडारे में भी सहायता कर प्रसाद लिया और महाराज जी का आशीर्वाद लिया।



बहादुरगढ़। हनुमान जी की पूजा अर्चना करते संजय सैनी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### जोशी दोबारा बने प्रांतीय उपाध्यक्ष



मूलचंद जोशी

**बहादुरगढ़।** मूलचंद जोशी को भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रांत का एक बार फिर 2025-26 के लिए प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जोशी करीब 34 वर्षों से परिषद से जुड़े हुए हैं। उन्होंने 2003 में भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा का गठन किया। हरियाणा मध्य प्रांत से पहले हरियाणा दक्षिण प्रांत में भी कई दायित्वों पर रह चुके हैं। उनके दोबारा उपाध्यक्ष बनने पर बहादुरगढ़ व विवेकानंद शाखा के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। जोशी बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के संयुक्त सचिव और राजस्थान सेवा समिति के अध्यक्ष भी हैं।

### विद्यार्थियों को किया पौधरोपण के लिए प्रेरित

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर प्राचार्या निधि कादियान व प्रबंधक केएम डागर ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए उन्हें अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। प्राइमरी विंग एचओडी पुष्पा यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पेपर ड्राइंग, क्राफ्ट मेकिंग में ग्लोब व स्टोन से वाटर प्योरि फायर बनाया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने मिलकर विद्यार्थियों को पृथ्वी की रक्षा करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, म्यूजिक टीचर जितेंद्र, डीपीई अमित लोहचब व संजीत सांगवान सहित अन्य भी उपस्थिति रहे।



झज्जर। स्कूल परिसर में पौधरोपण करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नवीन ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना के भूगोल विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के नवीन ने प्रथम, मंजू ने द्वितीय तथा प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने हमारी पृथ्वी हरी पृथ्वी, धरती हमारी रहे हरी जैसी कला-कृतियां पोस्टरों पर उकेरकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस दौरान डॉक्टर संदीप कुमार व विभागध्यक्ष डॉक्टर भाग्यश्री ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण सरंक्षण के लिए प्रोत्साहित किया।



झज्जर। पृथ्वी दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी।

### रतींद्र सिंह ने संभाला डिप्टी डीईओ का पदभार

**झज्जर।** खंड शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह ने हाल ही में डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी का पद संभाला है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सामूहिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात करते हुए कहा कि वे कार्यशाला, उत्तरदायित्व और टीमवर्क के सिद्धांतों पर काम करेंगे, ताकि जिले में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने डीईओ राजेश कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि डीईओ राजेश कुमार ने जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण करते हुए जिले के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य पर कार्य किया जिसके चलते पिछले वर्ष झज्जर जिला हरियाणा में तीसरे स्थान पर रहा।



झज्जर। डिप्टी डीईओ रतींद्र सिंह का स्वागत करते हुए डीईओ राजेश खन्ना व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

**झज्जर।** एमआर स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने धरती बचाओ-जीवन बचाओ का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, कविता के माध्यम से भी पौधरोपण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में संदीप यादव, सचिन व नीतू कुमारी ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में अमायरा, इंशिका, तनिषा को प्रथम, रक्षिता, यशवी व आंचल को द्वितीय तथा याशिका, कार्तिक सिंह व कीर्ति को तृतीय स्थान मिला। इस दौरान विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस मौके पर विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान, उपनिदेशक सुभाषचंद्र यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### किड्ज शैशव, मांटेसरी व वैदिक स्कूल में किया पौधरोपण

**झज्जर।** मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में वैदिक स्कूल, किड्ज शैशव और किड्ज मांटेसरी स्कूल में निदेशिका उषा गहलौत ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया । इस दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में जहां नन्हें विद्यार्थियों ने पर्यावरण सरंक्षण पर आधारित कविता व नाटक की प्रस्तुति दी वहीं छठी व सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशिका उषा गहलौत ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

### निबंध लेखन में राखी व स्लोगन में सुमित रहा प्रथम

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में यूथ रेडक्रॉस द्वारा निबंध लेखन व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन में राखी व स्लोगन लेखन में सुमित ने पहला स्थान प्राप्त किया। रेड क्रॉस सोसायटी की संयोजिका डॉक्टर अनीता ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉक्टर सजनी देवी, निधि बाई व डॉक्टर दीपा शामिल रहे।

**NOTICE**

**In the court of Assistant Collector 1st Grade, Bahadurgarh**
Manisha etc. Versus Krishna

To,
Krishna W/o Balbir Singh R/o H.No. 236, Deepak Vihar, Najafgarh, Delhi.
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondent is avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner. therefore this publication is issued against the respondent name above to appear before this court on 28.05.2025 personally or through his counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them.
Given under my hand and the seal of the court.

Sd/-AC 1st Grade,
Bahadurgarh

**ग्राम पंचायत, मेहंदीपुर**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मेहंदीपुर खण्ड बहादुरगढ़ जिला झज्जर में स्टेडियम के पास वाला एक तालाब को दिनांक 12/05/2025 को प्रातः 11 बजे औम के सामने वाली चौपाल में मछली पालन हेतू पट्टे पर नीलाम किया जाएगा। जिसकी जमानत राशि मु. 20000/- होगी। बाकी बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर उपस्थित हो।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत मेहंदीपुर
खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर

## बाल विकास स्कूल में अर्थ-डे पर बनाई मानव श्रृंखला




**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी को हरा भरा बनाए रखने और पर्यावरण की रक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर अर्थ डे मनाया। स्कूल में छोटे बच्चों ने अर्थ डे की मानव श्रृंखला बनाकर व पोस्टर मेकिंग के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्या पूनम चौधरी ने बताया कि भावी पीढ़ी की खुशहाली के लिए पर्यावरण की सुरक्षा जरूरी है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर ने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के लिए हम सभी को अपनी तरफ से योगदान देना चाहिए। पर्यावरण को सुरक्षित रखकर ही अपने जीवन की रक्षा करने के साथ आने वाली पीढ़ी को खुशहाल जीवन दिया जा सकता है।

## पृथ्वी दिवस पर विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**झज्जर।** एचआर ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर की गई। इस दौरान वन विभाग के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर दीपक शर्मा, ब्लॉक फॉरेस्ट ऑफिसर महेश कुमार, बिट ऑफिसर सचिन कुमार तथा प्रदीप कुमार, सतपाल, आनंद आदि ने पौधारोपण करते हुए विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व से अवगत कराया। इस मौके पर प्राचार्य मोहिंद्र सिंह गुलिया, प्रवीण बाला, रामनिवास, हितेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# पोस्टर, स्लोगन से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर रोड स्थित फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें पृथ्वी माता को नमन करते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद छात्रों ने पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके तहत पर्यावरण बचाने के सुंदर संदेश प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की प्रिंसिपल मोनिका राठी ने कहा कि पृथ्वी हमारी धरोहर है। इसे स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है। यदि आज हम छोटे-छोटे प्रयास करें तो कल एक सुंदर भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। हमें पृथ्वी की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक को त्यागना होगा। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।




**बहादुरगढ़।** पोस्टर और स्लोगन के जरिये पृथ्वी संरक्षण का संदेश देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम के साथ मनाया पृथ्वी दिवस



**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जागरुकता रैली निकाली गई। भूगोल विभागाध्यक्ष ओमबीर ने बताया की पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को विश्व भर में मनाया जाता है। बढ़ता प्रदूषण और तापमान पर्यावरण के लिए खतरनाक है। हमें इसे हर हाल में कम करना होगा। उन्होंने बताया कि आज यह दिवस हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर राजेश कुमार, सवीन कुमार एवं प्रदीप कुमार पवन कुमार एवं मंजीत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ बेरी में पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, कोलाज मेकिंग, बेस्ट फ्रोम द वेस्ट आदि गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास व प्रधानाचार्य नसीब अहलावत ने विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण बारे विस्तार से जानकारी दी।

## विद्यार्थियों से किया पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान



**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में विश्व पृथ्वी दिवस पर भूगोल विभाग के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह यादव ने की। भूगोल की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर अन्नू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नवीन कुमार पूनिया ने विश्व पृथ्वी दिवस के इतिहास, इसे मनाने के उद्देश्य, विश्व में भूमि प्रदूषण एवं वर्तमान समय में पृथ्वी के संरक्षण की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह यादव ने सतत पोषणीय विकास की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए संसाधनों के ध्यानपूर्वक इस्तेमाल बारे चर्चा की। इस दौरान स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों से अपने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व संसाधन संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

## धरती मां की सुरक्षा के लिए मनाया जाता है पृथ्वी दिवस



**झज्जर।** आरईडी विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में तीसरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। प्राचार्या अनिता सिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि धरती मां की सुरक्षा के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। यह दिन लोगों को जागरुक करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण के माध्यम से पृथ्वी को पर्यावरण प्रदूषण व ग्लोबन वार्मिंग के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों को पौधारोपण करने की प्रेरणा दी।

## पौधरोपण के माध्यम से दिया पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश



**झज्जर।** आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली में विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जन जीवन को सुगम बनाने का उत्कृष्ट प्रयास किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाल कर भी आमजन को जागरुक किया। प्राचार्या अंजू यादव ने विद्यार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए पृथ्वी को हरा भरा रखने का संदेश दिया। स्कूल के डायरेक्टर हंसराज यादव ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण करते हुए बताया कि पृथ्वी मात्र एक ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है। पृथ्वी केवल इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि सभी जीवों के लिए जीवनदायनी है।

## पोस्टर मेकिंग में खुशबू प्रथम



**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय जसोरखेड़ी में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। छात्राओं ने पृथ्वी बचाओ विषय पर आयोजित पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। स्लोगन में ललिता ने पहला, तनीषा ने दूसरा तथा भूमिका ने तीसरा स्थान पाया। जबकि पोस्टर मेकिंग में खुशबू ने पहला, तनीषा ने दूसरा और जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। डॉ. संदीप, डॉ. सुनील, डॉ. सुनैना, डॉ. अजय व कुमारी पूनम इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

## स्पेशल बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस



**बहादुरगढ़।** नूना माजरा के नक्षत्र स्पेशल स्कूल और आशा किरण स्पेशल स्कूल द्वारा मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल स्टाफ ने मूक बधिर व मानसिक अक्षम बच्चों को पर्यावरण के में बताया। संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों ने छात्रों के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विशेष बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और धरती मां के संरक्षण का संकल्प लिया। शिक्षकों ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में बताया। प्रकृति से प्रेम व उसकी देखभाल करने की प्रेरणा दी।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



**बहादुरगढ़।** गांव बालोर स्थित शहीद शेर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान पर्यावरण को संरक्षित करने व जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के मकसद से विभिन्न गतिविधियां हुई। इन गतिविधियों में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य अध्यापिका अनीता कौशिक व इको क्लब की इंचार्ज मोनिका ने पृथ्वी दिवस के महत्व, इसकी आवश्यकता व इससे जुड़े अन्य मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। पेंटिंग, स्लोगन, प्रस्ताव लेखन आदि प्रतियोगिताएं भी हुई। जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया।

## धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश



**बहादुरगढ़।** नाहरा-नाहरी रोड स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके स्कूल में भाषण, कोलाज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने उत्साह के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया। स्कूल परिसर में पौधे लगाए गए। बच्चों को पौधों का महत्व भी समझाया गया। स्कूल के प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस मनाने के कारण को बताया। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है।

## माउंट व्यू स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस



**बहादुरगढ़।** माउंट व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा नर्सरी और केजी के बच्चों ने पृथ्वी में रंग भरकर अपने भाव दर्शाए। कक्षा दूसरी के बच्चों ने पृथ्वी बनकर धरा के महत्व के बारे में बताया। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवी के बच्चों ने पौधारोपण किया और इस धरती को हरा भरा बनाने की प्रतिज्ञा ली। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर और प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने बच्चों को पर्यावरण की समस्याओं के बारे में जागरूक किया। भविष्य की पीढ़ियों को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रेरित किया।

## पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावा में पृथ्वी दिवस पर एचडी ग्रुप के सचिव हेमंत गुलिया ने पौधारोपण करके पृथ्वी का संरक्षण करने और उसे हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। बारहवीं कक्षा की छात्राओं हीना शर्मा, तनवी नांदल व मुस्कान भाकर ने प्रोजेक्ट बनाकर इस दिवस की महत्ता को प्रतिपादित किया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भूगोल प्राध्यापक सुधीर जाखड़ और इतिहास प्रध्यापिका सुमन जाखड़ की देखरेख में विद्यार्थियों ने अनेक तरह से पृथ्वी दिवस पर अपने मनोभावों को व्यक्त किया।

## जीडी गोयंका में हुई कई प्रतियोगिताएं




**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी के संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। पृथ्वी दिवस पर अनुच्छेद लेखन, स्लोगन लेखन, चित्रकला, पीपीटी और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने प्रतियोगिता के दौरान कहा कि हमें सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करके, साइकिल चलाकर या पैदल चलकर और अपने घरों में ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करके अपनी पृथ्वी को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

## डीपीएस में भी मनाया पृथ्वी दिवस




**बहादुरगढ़।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्रों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ ही धरती के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, नाटक और कविता पाठ के माध्यम से छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। 'धरती माँ की पुकार' नामक नाटक ने सभी को गहराई से प्रभावित किया। विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान भी चलाया गया।

## छारा कॉलेज में किया पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्रचार्या डॉ अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। डॉ अनीता दलाल ने मोहित और अन्य स्टॉफ सदस्यों के साथ महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। नेचर इंटरपटेशन सेंटर/इको क्लब/सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल के नोडल ऑफिसर डॉ अश्वनी कुमार ने कहा कि यह दिन हमें धरती मां की सुंदरता, उसकी उदारता और उसकी नाजुकता को याद करने का अवसर देता है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव-विविधता के नुकसान जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करके, पानी और बिजली की बचत करके, पेड़ लगाकर, साइकिल का उपयोग कर हम बड़े बदलाव की नींव रख सकते हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर तथा कचरे को रिसाइकिल करके हम पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दे सकते हैं। सभी विद्यार्थियों को एक पर्यावरण प्रेरक फ़िल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ डॉ संजय देसवाल, डॉ जयंत, मोहित, डॉ मनोज कुमार, मोनिका, डॉ ललिता, विजय, प्रवीन दलाल आदि मौजूद रहे।



## हरदयाल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली




**बहादुरगढ़।** मंगलवार को हरदयाल पब्लिक स्कूल में 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया। इस मौके पर विशेष प्रार्थना सभा हुई। इसमें छात्रों ने प्रकृति संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए जागृत किया। छात्रों ने पेंटिंग और क्राफ्ट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के एनसीसी लेफ्टिनेंट अमित शर्मा और अध्यापकों के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स और अन्य छात्रों ने लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। रैली में पॉलिथीन का प्रयोग न करने, पर्यावरण व पेड़- पौधों को हानि न पहुंचने का संकल्प लिया गया। विद्यालय की निदेशिका अनुराधा यादव ने पर्यावरण के संरक्षण और हरियाली के संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को पेड़ नहीं काटने और पानी बर्बाद नहीं करने के लिए प्रेरित किया।